कला, विज्ञान, वा (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

# दिगंत

**ई-पत्रिका:मई-2023**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:मई-2023

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

**मुख्य संरक्षक**



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



**प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य**

**प्रधान सम्पादक**

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक









May-2023



# कार्यक्रम विवरण-


| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09.05.2023 मंगलवार | महाविद्यालय | महाराणा प्रताप जयंती | 1–2 |
| 2. | 11.05.2023 वृहस्पतिवार | बी.एड. विभाग | जनसंख्या नियंत्रण रैली | 2 |
| 3. | 13.05.2023 शनिवार | बी.एड. विभाग | शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम | 3 |
| 4. | 15.05.2023 सोमवार | रोवर्स–रेंजर्स | रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण | 4–5 |
| 5. | 17.05.2023 बुधवार | बी.एड. विभाग | ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा एमओयू | 5 |
| 6. | 17.05.2023 बुधवार | महाविद्यालय | प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन | 6 |
| 7. | 18.05.2023 वृहस्पतिवार | शिक्षाशास्त्र विभाग | शिक्षाशास्त्र विभाग में आयोजित विदाई समारोह | 7 |
| 8. | 18.05.2023 वृहस्पतिवार | रोवर्स–रेंजर्स | रोवर्स–रेंजर्स को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर | 8 |
| 9. | 19.05.2023 शुक्रवार | महाविद्यालय | समझौता ज्ञापन | 9 |
| 10. | 19.05.2023 शुक्रवार | रोवर्स–रेंजर्स | रोवर्स–रेंजर्स के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन | 10 |
| 11. | 24.05.2023 बुधवार | महाविद्यालय | महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा समीक्षा बैठक | 11 |
| 12. | 29.05.2023 सोमवार | भूगोल विभाग | विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन | 12 |
| 13. | 30.05.2023 मंगलवार | बी.एड. विभाग | शिक्षक सम्मान तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह | 13 |
| 14. | 31.05.2023 बुधवार | एन.सी.सी. | पुनीत सागर अभियान | 14 |


May-2023



# महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन








दिनांक 09.05.2023 को **महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं महाविद्यालय** के तत्वावधान में आयोजित **वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि प्रो. राम अचल सिंह, पूर्व कुलपति, अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद** ने इस अवसर पर कहा कि महाराणा प्रताप के देश प्रेम से हमें राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्र प्रेम और स्वाभिमान का एक ऐसा आदर्श स्थापित किया जो हम सबके लिए अनुकरणीय है। आज उनकी जयंती पर उनके द्वारा स्थापित आदर्शो एवं मूल्यों पर चलकर एक सशक्त राष्ट्र की स्थापना की जा सकती है। महाराणा प्रताप के जीवन के विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस के कारण तत्कालीन मुगल शासक अकबर के प्रलोभन एवं आधिपत्य को अस्वीकार कर राष्ट्रभक्ति की एक मिशाल कायम किया और अपने देश का सम्मान बढ़ाया। आज प्रत्येक भारतवासी के लिए उनके स्वाभिमान की गाथा प्रेरणास्रोत के रूप में है।

**विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलपति, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, बालापार, गोरखपुर** थे। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि निराशा एवं राष्ट्र के प्रति जिज्ञासा के समय में उत्साह एवं वीरता के साथ स्वयं को देश के प्रति समर्पित महाराणा प्रताप का युद्ध कौशल हमारे लिए अनुकरणीय है।





**कार्यक्रम की अध्यक्षता** कर रहे **प्रो. यू.पी. सिंह, अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर** ने महाराणा प्रताप की जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप विराट व्यक्तित्व के धनी थे और उनके देश प्रेम को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने अनुकरण करते हुए 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की।

**उक्त अवसर** पर विशिष्ट अतिथि श्री प्रमथनाथ मिश्र, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर, डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रो. परीक्षित सिंह, समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी., प्रो. सत्येन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. गीता सिंह, प्रो. अरूण कुमार तिवारी सहित विभिन्न संस्थाओं के संस्था प्रमुख सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली




**दिनांक 11.05.2023 को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग द्वारा 'जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया।** रैली का शुभारंभ विभाग की प्रभारी प्रो. (डॉ.) गीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस जागरूकता रैली का उद्देश्य समाज के लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करना था। रैली महाविद्यालय से शुरू होकर इंदिरा बाल–बिहार तिराहे से गोलघर होते हुए महाविद्यालय पर समाप्त हुई। जनसंख्या नियन्त्रण से सम्बन्धित विभिन्न नारों, पोस्टर्स, बैनर्स आदि के माध्यम से बी.एड. प्रशिक्षुओं ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

# शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन







**दिनांक 13.05.2023** महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा साक्षरता एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गोरखपुर के भरवलिया बुजुर्ग गाँव में किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रशिक्षुओं ने गांव में घूम–घूम कर साक्षरता व स्वच्छता पर साक्षात्कार के माध्यम से सर्वे किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रशिक्षुओ ने महिला स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा; महिलाओं हेतु चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगला, बेटी कल का भविष्य; जल संरक्षण, नमामि गंगे, कृषि क्षेत्र से जुड़ी किसानों हेतु चलाई जाने वाली सरकारी योजनाओं, डिजिटल साक्षरता, यातायात संबंधी नियमों व सावधानी के संबंध में गाँव के नागरिकों को जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जागरूक किया। जागरूकता के इसी क्रम में बी०एड० प्रशिक्षुओं द्वारा प्रौढ़ शिक्षा एवं सामुदायिक स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता व साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से समुदाय के लोगों को साक्षरता व स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया गया और सामुदायिक स्वच्छता रखने एवं साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।


# रोवर्स रेंजर्स द्वारा पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आयोजन





दिनांक–15.05.2023 को महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स के पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने रोवर्स रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर रेंजर्स का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ, सुखी और उपयोगी नागरिक का निर्माण करना है ताकि वह सक्षम होकर असहाय, दुखी, गरीब तथा समाज के पिछड़े लोगों की सहायता कर सकें। इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट नौशाद अली सिदीकी ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को शरीर से स्वस्थ, मस्तिष्क से जागरूक और स्वभाव से सरल बनाता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करता है ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखा जाए। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री अजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण उत्तम नागरिकों के गुणों का विकास करता है। यह नेतृत्व, संयम, आत्मनिर्भरता का अवसर उत्पन्न करता है। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के रोवर प्रभारी डॉ. संजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से आत्मानुशासन, प्रेम, सहयोग तथा सद्भावना का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त सूरज चंद गौतम ने किया इस अवसर पर सुश्री दुर्गावती धुसिया, डॉ जागृति विश्वकर्मा, डॉ आर.पी यादव, डॉ कमलेश मौर्य, डॉ अनूप





राय, कुलदीप शाही, अजय शर्मा, रेखा, प्रियंका, नेहा, महिमा, पंकज मौर्या, शिवेंद्र सिंह और अक्षय प्रताप शुक्ला सहित सभी रोवर्स रेंजर्स उपस्थित थे।

## ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विसेज, गोरखपुर ने एमओयू के तहत दिग्विजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया

**दिनांक 17.05.2023 को महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में आल इन वन कंसल्टेंसी सर्विसेज, गोरखपुर के तत्वावधान में 'एक अच्छा शिक्षक कैसे बने'? विषय पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया।**







कार्यशाला की प्रस्ताविकी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आल इन वन कंसल्टेंसी के निदेशक श्री गोविन्द पाण्डेय ने कहा कि अच्छे शिक्षक होने के लिए सबसे पहली प्रेरणा हमें अपने आसपास के वातावरण, भाषा एवं अनुभव से प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षक में आत्मविश्वास, शिष्टाचार एवं गुणात्मक शिक्षण का होना अति आवश्यक है। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन सुश्री कनिका मेहता ने अच्छे शिक्षक के तकनीकी गुणों को बताया। उन्होंने अच्छे संचार कौशल तथा स्वयं अनुशासन के संबंध में विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने वर्तमान समय में बाजार की माँग के अनुरूप अपने आप को तैयार करने हेतु अंग्रेजी भाषा के ज्ञान पर विशेष बल दिया। कार्यशाला का समापन प्रो. (डॉ.) गीता सिंह द्वारा आभार ज्ञापन करके किया।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन






**दिनांक 17.05.2023 को महाविद्यालय के संवाद कक्ष में प्लेसमेंट सेल द्वारा आई.सी.आई.सी.आई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर पद हेतु ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ।**

प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार हेतु विशेषज्ञ के रूप में श्री राजेंद्र जोधा, सीनियर मैनेजर, आई.एफ.बी.आई एवं श्री अविनाश श्रीवास्तव, अकादमिक हेड, बालाजी एकेडमी उपस्थित रहे। इस आयोजन के प्रथम सत्र में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को बैंकिंग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर की जानकारी दी गई। इसके उपरांत द्वितीय सत्र में साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

**महाविद्यालय के विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के 136 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें साक्षात्कार के प्रथम चरण में 78 विद्यार्थी चयनित हुए।**

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ पवन कुमार पाण्डेय, सदस्य डॉ दीपक साहनी, डॉ अरविंद मौर्य, डॉ सुभाष गुप्ता, डॉ मुदित दुबे, श्री लक्ष्मण थापा, सुश्री गीता थापा सहित प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षा शास्त्र विभाग में आयोजित हुआ विदाई समारोह



दिनांक 18.05.2023 को महाविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विभाग में एम.ए. अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर हितेंद्र कुमार मिश्रा विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय केंद्रीय विश्वविद्यालय, शिलांग थे। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान भारत युवा जनसंख्या के मामले में सर्वाधिक संपन्न राष्ट्र है तो ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। युवाओं को आगे आकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना होगा। आप सभी छात्र–छात्राएं जो शिक्षा शास्त्र विषय से परास्नातक की डिग्री ग्रहण करके यहां से जा रहे हैं अपना सर्वोत्तम योगदान करें जिससे कि हमारा राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो। समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि ''शिक्षा, साहित्य और ज्ञान की त्रिवेणी'' दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय से परास्नातक की डिग्री प्राप्त करके आप सभी छात्र–छात्राएं जीवन के क्षेत्र में जहां भी जाएं, महाविद्यालय का नाम रोशन करें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती निधी राय ने कहा कि हमारे विद्यार्थी हमारी अमूल्य निधि हैं। इनकी विदाई का समय बहुत ही दुखद होता है। परंतु इस बात की हमेशा शिक्षकों को प्रसन्नता होती है कि उनके छात्र यहां से निकल कर एक नए क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं।

# रोवर्स-रेंजर्स का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर






दिनांक 18.05.2023 को महाविद्यालय के रोवर्स–रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत यातायात जागरूकता रैली निकाली गई जो दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज से हरिओम नगर तिराहा होते हुए अंबेडकर चौराहे तक गई। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया इस अवसर पर प्राचार्य ने समस्त रोवर्स रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात एवं सड़क सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक रहना चाहिए हमें हमेशा यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए जिससे कि हमारे साथ साथ राह चलते हुए दूसरे लोगों को भी किसी प्रकार की क्षति ना हो। इस अवसर पर रोवर प्रभारी डॉ. संजीत कुमार सिंह ने सभी रोवर्स रेंजर्स को यातायात के नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा दिलाई । इस यातायात जागरूकता रैली के दौरान अयोध्या कुटीर भारत स्काउट गाइड भवन गोरखपुर द्वारा संचालित निःशुल्क प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया।

## समझौता ज्ञापन




**दिनांक 19.05.2023 को महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने हेतु कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ हरिशंकर गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर को ''कट एज टेक्नोलॉजी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड'' एवं ''अपडेट नेपाल डॉट कॉम प्राइवेट लिमिटेड'' काठमांडू, नेपाल की संस्था के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु नेपाल भेजा गया।**

इस समझौते में दोनो संस्थाएं महाविद्यालय का सहयोग करते हुए तकनीकी के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेंगी तथा उक्त दोनों कंपनियां जो सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में काम करती हैं। इनसे दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट ट्रेनिंग एवं रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

**'कट एज टेक्नोलॉजी एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' ने महाविद्यालय के दो शिक्षक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय एवं डॉ. हरीशंकर गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल एकेडमी अवार्ड से भी सम्मानित किया है।** कंपनी का कहना है डॉ पाण्डेय एवं डॉ गुप्ता ने ऑनलाइन डॉक्यूमेंट कन्वर्जन के क्षेत्र में अकेडमिक स्तर पर बेहतरीन कार्य किया है जो आने वाले समय में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं विद्यार्थियों के लिए संजीवनी से कम नहीं होगा।

**इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की हमारा महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति** के रेलवे ट्रैक पर बुलेट ट्रेन को तरह चल चुका है और आने वाले समय में हम अन्य संस्थाओं के लिए भी उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेंगे।

May-2023




## सर्वांगीण विकास में सहायक रोवर्स-रेंजर्स






आज दिनांक 19 मई 2023 को महाविद्यालय में आयोजित रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है। इससे अनुशासन, नेतृत्व की क्षमता, आत्मनिर्देशन, आत्मनियंत्रण, प्रेम, सहयोग एवं सद्भावना जैसे गुणों का विकास होता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट श्री नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण अभाव में अपना प्रभाव दिखाता है। विषम परिस्थितियों जैसे बाढ़, सूखा, भूकंप आदि के आने पर इस प्रकार का प्रशिक्षण व्यक्ति को रहने, खाने, पीने आदि की उत्तम व्यवस्था करने में सहायक सिद्ध होता है। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि रोवरिंग प्रशिक्षण योग्यता में अभिवृद्धि करने, विभिन्न प्रकार के कौशलों का ज्ञान कराने के साथ–साथ स्वार्थरहित सेवा को महत्व देता है। इस पांच दिवसीय शिविर के समापन के अवसर पर विभिन्न टोलियों ने आकर्षक टेंट का निर्माण किया। शिविर आख्या प्रस्तुत करते हुए सीनियर रेंजर नेहा यादव ने बताया कि इन पांच दिनों में हमे इस शिविर के माध्यम से आत्मानुशासन, रोवर रेंजर का इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार के गांठों का बंधन, नक्शा पढ़ना, सिटी संकेत, चिन्ह, तारों को पढ़ना, बीपी सिक्स योगाभ्यास, मार्च आदि का ज्ञान कराया गया।





# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा समीक्षा बैठक





दिनांक 24.05.2023 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा बैठक महाविद्यालय के गोरखनाथ साहित्यिक केंद्र में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषणों पर दो खंडों में संग्रहित ग्रंथ लोक आराधना की अभिव्यक्ति का विमोचन बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह और पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जी के लिए संघर्ष, परिश्रम और कठिन साधना जनता जनार्दन की तरह आराध्य है। सीएम योगी के भाषणों पर संग्रहित ग्रंथ का विमोचन करते हुए यूजीसी के पूर्व चेयरमैन डी.पी. सिंह एवं पूर्व महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि अभिव्यक्ति संन्यासी समाज के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक हैं ये लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव महाराणा शिक्षा परिषद के प्राथमिक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, राम जन्म सिंह, प्रो. राजेंद्र भारती सहित सभी संस्थाओं प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।





# विशिष्ट व्याख्यान

## विषय-भारतीय जीवन दर्शन एवं पर्यावरणीय

दिनांक 29.05.2023 को महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा ''भारतीय जीवन दर्शन एवं पर्यावरणीय चिंतन'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर बी.एन. सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर ओम प्रकाश सिंह ने किया।






**प्रोफेसर बी.एन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय** जीवन दर्शन में हमेशा पर्यावरण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रहा है, प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक सभी महर्षि, ऋषि, बुद्धिजीवी और पर्यावरण प्रेमी पर्यावरण और इसकी रक्षा कैसे की जाए पर चर्चा परिचर्चा करते रहे हैं। भारत में आदिकाल से ही पर्यावरण के तत्वों को लेकर एक सकारात्मक सोच रही है जो हमारी जीवन शैली का अभिन्न अंग भी रही है। **इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि हम** लोग अपने नैतिक जिम्मेदारी भूल गए है, भारतीय दर्शन हमेशा से ही केयरिंग और शेयरिंग के सिद्धांत पर कार्य करता रहा है।

**इस अवसर पर मुख्य अतिथि और प्राचार्य जी के द्वारा महाविद्यालय में पौधरोपण का भी कार्य किया गया तथा मुख्य अतिथि और प्राचार्य ने भूगोल विभाग के पुरातन छात्र अंबरीश मिश्रा को उनके पर्यावरण के** प्रति किये जा रहे प्रयास के कारण स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# शिक्षक सम्मान तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह का आयोजन







दिनाँक 30.05.2023 को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में शिक्षक सम्मान तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शाही रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश सिंह ने किया। प्रो. (डॉ.) गीता सिंह को महाविद्यालय तथा विभाग में दिये गए योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड प्रशिक्षण, शैक्षिक–प्रदर्शनी, सांस्कृतिक गतिविधियों ,सर्वोच्च उपस्थिति एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं से जुड़े प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शाही ने अपने शिक्षण अनुभव साझा करते हुए हमेशा क्रियाशील और ऊर्जावान बने रहने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रशिक्षुओं को अपने जीवन में आने वाले चुनौतियों से डटकर सामना करने एवं उन्हें अपने दृढ़ इच्छाशक्ति से पार पाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. (डॉ.) गीता सिंह ने प्रशिक्षुओं को हमेशा सकारात्मक नजरिए के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बी.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु हर्ष शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल तथा निहारिका सिंह को मिस फेयरवेल चुना गया।

May 2023

## पुनीत सागर अभियान : 2023–24 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा जागरूकता रैली का आयोजन






44 यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में महाविद्यालय, की एनसीसी यूनिट ने पुनीत सागर अभियानरू 2023 – 24 के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता तथा भाषण/वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । 'प्लास्टिक भविष्य के लिए अभिशाप' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कैडेट रितेश प्रजापति ने प्रथम, नागेन्द्र चौहान ने द्वितीय तथा रूना मौर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 'प्लास्टिक मुक्त भारत' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट संजना शर्मा ने प्रथम, प्रवीण सिंह ने द्वितीय तथा अलोक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 'प्लास्टिक के बुरे प्रभाव' विषय पर भाषण/वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट प्रवीण सिंह ने प्रथम, अलोक कुमार ने द्वितीय तथा दीपू साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली का आयोजन किया । कार्यक्रम के अन्त में सीटीओ डॉ. सुभाष चन्द्र ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों, 44 यूपी बटालियन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा एनसीसी के कैडेट्स को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया ।